प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 27.11.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी

प्रादेशिक समाचार

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान- राष्ट्रीय

केंद्र सरकार ने आज नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत नामक राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। अभियान की शुरुआत करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सरकार ने 130 जिलों की पहचान की है, जहां इस अभियान को केंद्रित तरीके से चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान केवल 10 या 15 दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास है जो तब तक जारी रहेगा जब तक भारत बाल विवाह की बुराई से मुक्त नहीं हो जाता।

कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बाल विवाह मुक्त भारत पोर्टल का भी अनावरण किया।

बाल विवाह मुक्त भारत-प्रदेश

इधर,भोपाल में आज मंत्रालय में सामान्य प्रशासन सचिव अनिल सुचारी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करने की शपथ दिलायी। सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने बाल विवाह के खिलाफ हर संभव प्रयास करने, परिवार, पड़ौस और समुदाय में किसी बालिका का बाल विवाह नहीं होने, बाल विवाह के किसी भी प्रयास की सूचना सरकार को देने एवं सभी बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए भी अपनी आवाज बुलंद करने और बाल विवाह मुक्त भारत का निर्माण करने की शपथ ली।

मुख्यमंत्री निवेशक बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लंदन में निवेशकों और उद्योग जगत के अग्रणी लीडर्स के साथ वन-ऑन-वन बैठक कर प्रदेश में निवेश की व्यापक

संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवकरणीय ऊर्जा, कृषि व्यवसाय, अधोसंरचना, स्वास्थ्य सेवा और आईटी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी के अवसरों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अतीत से ही भारत का इंग्लैंड और जर्मनी से गहरा जुड़ाव रहा है. उन्होंने सभी निवेशकों से मध्यप्रदेश से जुड़ने का अनुरोध किया.

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को राज्य की व्यापार अनुकूल नीतियों और प्रोत्साहनों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने राज्य की औद्योगिक क्षमता और इसके माध्यम से सतत विकास एवं नवाचार को बढ़ावा देने की सोच भी साझा की ।

दुर्घटना दुःख व्यक्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुरैना जिले के थाना कोतवाली अंतर्गत राठौर कॉलोनी में एक मकान में विस्फोट की घटना पर दु:ख व्यक्त किया है। इस घटना में 4 लोगों की असामयिक मृत्यु हो गयी थी और 5 लोगों के घायल हो गए हैं। डॉ यादव ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

वेस्ट जोन इंटर स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता

बालक वर्ग की वेस्ट जोन इंटर स्कूल बैण्ड प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार समारोह खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के आतिथ्य में आज दोपहर 3 बजे सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल में होगा। इससे पहले स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने इसका शुभांरभ किया । प्रतियोगिता में वेस्ट जोन के 6 राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र गोवा और केन्द्र शासित प्रदेश दमन एवं दीव तथा दादर नगर हवेली की राज्य विजेता टीमें भाग ले रही हैं । इन सभी टीमों के 240 बालक पाइप बैण्ड एवं ब्रास बैण्ड विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं ।

समाचार संक्षेप में...

1. आगरमालवा जिले के नलखेड़ा नगर और तहसील के ग्रामीण प्रतिष्ठानों से कल चलित लेब द्वारा 42 नमूनों की प्राथमिक जांच मे 6 अवमानक पाए गए।

2. छतरपुर में जिला प्रशासन द्वारा आज अवैध रूप से भंडारित 460 बोरी डीएपी खाद जब्त करने की कार्यवाही की । राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा जब्त खाद की कीमत 6 लाख 21 हजार रुपए बताई गई है।

3. बड़वानी जिले में जल संरक्षण व संवर्धन हेतु ग्रामो में ग्रामीणजनो व स्कुलो में जल बचाने के संबंध में जागरूक गतिविधियो, कार्यक्रम, कलश यात्राओं का आयोजन 7 से 11 दिसम्बर तक किया जायेगा । और

4. हिन्दी कविता को नया रंग देकर नव पथ सृजित करने वाले कवि, लेखक शिवमंगल सिंह 'सुमन' की आज पुण्यतिथि है। जबकि हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध लेखक, कवि और शिक्षक हरिवंश राय बच्चन की आज जयंती है।

---------------------